कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय, उत्तर प्रदेश जलनिगम(ग्रामीण)
पनकी रॉ वाटर इन्टेक परिसर, अर्मापुर,
कालपी रोड, कानपुर नगर–208009

दूरभाष: 9473942735
Email ID: ee2pdjalnigamknp@yahoo.in

पत्रांकः 1912/W-13 /243 दिनांक 30/05/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),

उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),

लखनऊ।

**विषयः दैनिक भास्कर समाचार पत्र के ऑनलाइन संस्करण में प्रकाशित खबर " गजना में दो साल से पानी की टंकी अधूरी जल जीवन मिशन योजना ठप आठ दिन से पेयजल संकट" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**


उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र के ऑनलाइन संस्करण में **29 मई 2026 को प्रकाशित खबर "गजना में दो साल से पानी की टंकी अधूरी जल जीवन मिशन योजना ठप आठ दिन से पेयजल संकट"** विकासखण्ड बिल्हौर के गजना गांव में जल जीवन मिशन योजना की स्थिति बदहाल है। यहां करीब दो साल से पानी की टंकी का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है जिससे ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, के सम्बन्ध में लिखा गया है।


उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत आंवटित फर्म M/s Vindhya Telelinks Ltd.– Gaja Engineering Pvt. Ltd. (JV), Noida द्वारा पेयजल योजना निर्माण का कार्य दिनांक 09.02.2023 से प्रारम्भ किया गया। योजना के अन्तर्गत ओ0एच0टी0, 175KL/16m स्टेजिंग का निर्माण कार्य स्टेजिंग तक पूर्ण है। पम्पहाउस का निर्माण पूर्ण है तथा सोलर फाउडेशन का कार्य पूर्ण है। पाइपलाइन बिछाने का कार्य 5555 मी0 के सापेक्ष 5610 मी0 पूर्ण है तथा गृह सयोजन 518 नग के सापेक्ष 564 नग MDPE लगाने का कार्य पूर्ण है। साथ ही अवगत कराना है कि पिछले 01 वर्ष से जलापूर्ति सीधे नलकूप से सम्बन्धित ग्रामवासियो को दी जा रही थी परन्तु दिनांक 21.05.2026 को मोटर की वाइरिंग एव आटोमेशन पैनल की एम0सी0बी0 खराब हो जाने से वर्तमान में जलापूर्ति प्रभावित हुई है अतः योजनान्तर्गत परिलछित कमियों का निराकरण 03 कार्य दिवसो में पूर्ण कर जलापूर्ति बहाल करायी जायेगी। भारत सरकार से विगत लगभग 18 माह से धनावंटन न होने के कारण योजना के निर्माण की प्रगति प्रभावित हुई है साथ ही अवगत कराना है कि भारत सरकार की इस योजना को पूर्ण करने की

Scanned with OKEN Scanner

तिथि दिसम्बर 2028 तक विस्तारित की गयी है। जनपद अन्तर्गत जिन योजनाओं की भौतिक प्रगति 90% या उससे अधिक है उन योजनाओं को अनुरक्षण मद में लिये जाने पर वरीयता दी जा रही है। इन परियोजनाओ को पूर्णता की श्रेणी में लाने का प्रयास किया जा रहा है जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सके। भारत सरकार से जैसे ही धनावंटन होगा तो गजना पेयजल योजना को शीघ्र पूर्ण किया जायेगा।

उपरोक्त ऑनलाइन संस्करण में प्रकाशित खबर के सन्दर्भ में सम्बन्धित फर्म M/s Vindhya Telelinks Ltd.– Gaja Engineering Pvt. Ltd. (JV), Noida को समस्त अवशेष कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने हेतु निर्देशित कर दिया गया है जिससे समस्त ग्रामवासियों को इस योजना का लाभ प्राप्त हो सके।






भवदीय

(एम0 के0 सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

**पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसारः**
**प्रतिलिपि निम्न लिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।**

1. निजी सचिव प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, कानपुर नगर।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, कानपुर नगर।
4. मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर नगर।
5. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर नगर।

**अधिशासी अभियन्ता**



Scanned with OKEN Scanner